भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 3605

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

हिमाचल प्रदेश द्वारा लिए गए ऋण और उधार

3605. श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से सभी रूपों में कुल कितना ऋण लिया गया है;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अन्य बाजार स्रोतों से जुटाए गए ऋणों का कोई आंकड़ा उपलब्ध है, यदि हाँ, तो स्रोत-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की वर्तमान बकाया देनदारियों का कोई आंकड़ा उपलब्ध है, यदि हाँ, तो वित्तीय वर्ष 2018-19 से राज्य की ऋण प्रवृत्तियां वर्ष-वार क्या रही हैं; और

(घ) हिमाचल प्रदेश सहित देश के प्रत्येक राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के सापेक्ष ऋण का नवीनतम अनुपात क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री

(श्री पंकज चौधरी)

(क) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 से अभी तक हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा आरबीआई से, सभी रूपों में, लिए गए ऋणों की कुल राशि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) आरबीआई से प्राप्त जानकारी के आधार पर, वर्ष 2017-18 (अप्रैल-मार्च) से हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के सकल बाजार उधारी का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) आरबीआई के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 से अभी तक (मार्च माह के अंत तक) हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की वर्तमान बकाया देनदारियों का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपए में)

वर्ष	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025 (सं.अ)**	**2026 (ब.अ)**
बकाया देनदारियाँ	51,030	54,303	62,218	68,896	73,541	86,596	94,391	1,01,241	1,10,010

(घ) आरबीआई के अनुसार, हिमाचल प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के सापेक्ष ऋण के नवीनतम अनुपात का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

*****

दिनांक 10.08.2026 के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3605 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से अभी तक भारतीय रिजर्व बैंक(आरबीआई) से, सभी रूपों में, लिए गए ऋणों की कुल राशि से संबंधित विवरण

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	**वर्ष (मार्च के अंत तक)**	**अर्थोपाय अग्रिम**	**ओवरड्राफ्ट**
1.	2018	0	0
2.	2019	0	0
3.	2020	0	0
4.	2021	0	0
5.	2022	0	0
6.	2023	0	0
7.	2024	0	0
8.	2025	777	875
9.	2026	681	0

दिनांक 10.08.2026 के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3605 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-II

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से अभी तक अन्य बाजार स्रोतों से लिए गए ऋणों की कुल राशि से संबंधित विवरण

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	**वित्तीय वर्ष**	**सकल बाजार उधार**
1.	2017-18	4,600
2.	2018-19	4,210
3.	2019-20	6,580
4.	2020-21	6,000
5.	2021-22	4,000
6.	2022-23	14,000
7.	2023-24	8,072
8.	2024-25	7,359
9.	2025-26	9,864
10.	2026-27 (28 जुलाई तक)	2,800

दिनांक 10.08.2026 के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3605 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-III

हिमाचल प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के सापेक्ष ऋण का नवीनतम अनुपात से संबंधित विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2026 (ब.अ)
1.	आंध्र प्रदेश	35.4
2.	अरूणाचल प्रदेश	59.8
3.	असम	27.9
4.	बिहार	36.8
5.	छत्तीसगढ़	29.8
6.	गोवा	25.7
7.	गुजरात	17.9
8.	हरियाणा	29.9
9.	हिमाचल प्रदेश	42.8
10.	झारखंड	25.4
11.	कर्नाटक	26.5
12.	केरल	35.5
13.	मध्य प्रदेश	31.3
14.	महाराष्ट्र	19.0
15.	मणिपुर	39.2
16.	मेघालय	39.1
17.	मिजोरम	33.2
18.	नागालैंड	47.0
19.	ओडिशा	20.3
20.	पंजाब	46.4
21.	राजस्थान	35.9
22.	सिक्किम	38.6
23.	तमिलनाडु	29.2
24.	तेलंगाना	27.5
25.	त्रिपुरा	30.5
26.	उत्तर प्रदेश	28.7
27.	उत्तराखंड	25.3
28.	पश्चिम बंगाल	38.9
29.	जम्मू और कश्मीर	33.7
30.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र	1.5
31.	पुडुचेरी	25.9
	सभी राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र	**29.2**
	ब.अ: बजट अनुमान।	